हिन्दी दैनिक

# नव शक्ति

RNI- BIHHIN/2012/43368

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 82 | पटना, बुधवार, 08 मई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

## कांग्रेस की सरकार आने पर एससी/एसटी से छीनकर धार्मिक आधार पर दिया जाएगा आरक्षण: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (नव शक्ति संवाददाता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टीकरण की सनक में शहजादे एक और खतरनाक चाल चल रहे हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आरक्षण का अधिकार दिया था। कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीनकर उसे धर्म के नाम पर देना चाहती है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी अघाड़ी एक ही एजेंडे से चुनाव लड़ रही है और वह है 'मिशन कैंसिल'... इन्होंने कहा इंडी वाले जब सरकार में आएंगे तो धारा 370 को फिर से लागू करेंगे, सीएए को कैंसिल करेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले राम मंदिर को भी कैंसिल करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान खत्म होने को है और साथ ही इंडी अघाड़ी की उम्मीदें भी खत्म हो गई है। पहले चरण में इंडी अघाड़ी पस्त हुआ, दूसरे में ध्वस्त हुआ और आज तीसरे चरण में इंडी अघाड़ी का कहीं अगर छोटा-मोटा दीया जल रहा था तो वह भी बुझ गया।



कांग्रेस अब खुलेआम तुष्टीकरण और वोट बैंक का खेल खेल रही है। इंडी एलायंस वोट जिहाद की अपील कर रहा है। 26/11 हमले के आतंकियों को क्लीन चिट दे रही है महाराष्ट्र कांग्रेस। जाहिर है, कांग्रेस का कसाब और पाकिस्तान के अन्य 10 आतंकवादियों से गहरा संबंध है। इंडी-अघाड़ी का एक ही एजेंडा है- ये सरकार में आएंगे तो मिशन कैंसिल चलाएंगे। इन्होंने कहा कि जब इंडी वाले सरकार में आएंगे तो वो धारा 370 को फिर लाएंगे। मोदी सीएए लाया है तो उसको कैंसिल करेंगे, तीन तलाक के कानून को कैंसिल करेंगे। मोदी जो गरीब को मुफ्त राशन दे रहा है उसको कैंसिल कर देंगे। इतना ही नहीं, इंडी-अघाड़ी वाले राम मंदिर को भी कैंसिल कर देंगे।

मोदी, विकसित भारत के मिशन पर निकला हुआ है। इस संकल्प के लिए आज मैं आपसे कुछ मांगने के लिए आया हूं। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए। मेरी विरासत आप ही हैं। आपकी आने वाली पीढ़ियां वही मेरी विरासत है। मैं आपके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए निकला हूं। आप सब ही मेरा परिवार हैं- मेरा भारत, मेरा परिवार। आज तीसरे फेज का मतदान खत्म होने को है और साथ ही इंडी-अघाड़ी की उम्मीदें भी खत्म हो गई हैं। पहले चरण में इंडी-अघाड़ी पस्त हुआ, दूसरे चरण में ध्वस्त हुआ और आज तीसरे चरण में इंडी-अघाड़ी का कहीं छोटा-मोटा दिया अगर जल रहा था, वो भी बुझ गया है।

## संपादकीय

### कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार व सांसद के कुकृत्य देश के लिये शर्मनाक

**जे पी चौधरी**



एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। वे कहे को जीते भी थे। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसा नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मयार्दाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दशार्या है। आरोपी सांसद का दुस्साहस देखिए कि वह मतदान के दिन तक चुनाव क्षेत्र में रहा और फिर जर्मनी भाग गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र और पूर्वमंत्री एचडी रेवन्ना के पुत्र प्रज्वल के यौन उत्पीड़न व दुराचार दशार्ते करीब तीन हजार वीडियो सार्वजनिक हुए। चुनाव प्रचार के दौरान वीडियो पेन ड्राइव के जरिये बांटे जाते रहे। निस्संदेह इस मामले के खुलासे की टाइमिंग के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वहीं भाजपा के एक नेता ने एक साल पहले भाजपा नेतृत्व को पत्र लिखकर चेताया था कि प्रज्वल के कुकृत्यों की पेन ड्राइव कांग्रेस के पास पहुंच चुकी है। जिसका उपयोग लोकसभा चुनाव में हथियार के रूप में किया जाएगा। सवाल भाजपा नेतृत्व पर भी है कि हकीकत से वाकिफ होने के बावजूद क्यों प्रज्वल रेवन्ना को गठबंधन के सहयोगी कोटे से टिकट दिया गया? जब राज्य में कांग्रेस की सरकार है तो एक साल पहले जानकारी होने के बावजूद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? दरअसल, एक समुदाय विशेष में एचडी देवगौड़ा परिवार की पकड़ होने की वजह से भाजपा व कांग्रेस कड़ी कार्रवाई से बचते रहे हैं। बहरहाल, इस सेक्स स्कैंडल के उजागर होने और उसके बाद तमाम सफाई के बावजूद जनता दल सेक्यूलर और उसकी सहयोगी भाजपा को राहत मिलना मुश्किल है। वजह है कि आरोप गंभीर और महिलाओं की अस्मिता से जुड़े हैं।

निश्चित रूप से कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य व सांसद ने जो कुकृत्य किये हैं, उससे भारतीय लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। विडंबना देखिये कि जो बड़े राजनेता महिलाओं की प्रशंसा में कसीदे पढ़ने से नहीं थकते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में दुराचार की पराकाष्ठा देखकर भी आंखों पर पट्टी बांध लेते हैं। वे इस शर्मनाक कांड की व्याख्या अपनी सुविधा के अनुसार कर रहे हैं। एक पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार का सांसद अपने घर में काम करने वाली महिलाओं तक को न बख्शे, इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। इतना ही नहीं, सरकारी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों व पार्टी कार्यकताओं तक को हवस का शिकार बनाकर वीडियो बनाने तक के गंभीर आरोप प्रज्वल पर लगे। वीडियो इसलिये बनाये ताकि शोषण के बाद लोकलाज के भय से उन्हें चुप रखा जा सके। आरोपों के निशाने पर पूर्व मंत्री व प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना भी हैं। हालांकि, प्रज्वल का आरोप है कि एआई के जरिये उसके फोटों से छेड़छाड़ करके वीडियो बनाए गए हैं। लेकिन यदि वह निर्दोष है तो फिर उसे चुपके से जर्मनी भागने की क्या जरूरत पड़ी? बिना सरकारों की मिलीभगत के क्या वह जर्मनी भाग सकता था? क्या यह जन विश्वास सही है कि घोर विरोधी राजनीतिक दल व्यावहारिक जीवन में एक दूसरे के बड़े नेताओं को बचाने के लिये कवच का काम करते हैं? पीड़ित महिलाओं को आशा जगी न्याय मिलेगा कर्नाटक सरकार द्वारा मामले में एसआईटी के गठन और प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ बलात्कार व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद उम्मीद जगी है।

## अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, 20 मई तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (नव शक्ति संवाददाता)।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को पहले दी गई उनकी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। सीबीआई और ईडी के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सह-अभियुक्त चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 20 मई तक बढ़ा दी। यह आदेश शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को अरविंद केजरीवाल की चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के साथ मेल खाता है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि वह केजरीवाल के लिए अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकती है।कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं और मौजूदा लोकसभा चुनाव को देखते हुए मौजूदा हालात असाधारण हैं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत पर दलीलें सुनने पर आपत्ति जताई और कहा कि हम क्या उदाहरण पेश कर रहे हैं? क्या अन्य लोग मुख्यमंत्री से कम महत्वपूर्ण हैं? एक मुख्यमंत्री के साथ 'आम आदमी' से अलग व्यवहार कैसे किया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि वह मुख्यमंत्री हैं।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केजरीवाल के वकील से कहा कि मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत देना इस शर्त के साथ होगा कि वह आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करने से दूर रहेंगे।

## भाजपा और नरेंद्र मोदी के रहते दलित, पिछड़ों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है: सम्राट चौधरी

**पटना, (नव शक्ति संवाददाता)।** लालू यादव के मुस्लिम आरक्षण वाले बयान पर हमला करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में जो नेता चारा खाने के लिए जाने जाते हैं,जो वंशवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के पोषक है, जो जमानत पर जेल से बाहर हैं, वह मुस्लिम तुष्टिकरण के जरिए वोट हासिल करना चाह रहे हैं। उन्होंने तो कांग्रेस से एक कदम आगे बढ़कर कह दिया कि मुसलमानों को पूरा का पूरा आरक्षण मिलना चाहिए। आखिर इसका क्या मतलब है? क्या वे आरक्षण के नाम पर उन्माद पैदा कर हिन्दू-मुसलमानों को आपस मे लड़ाना चाह रहे हैं? मगर लालू यादव कान खोल कर सुन लें, भाजपा और नरेंद्र मोदी के रहते दलित, पिछड़ों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि ठीक तीसरे चरण के मतदान के दिन लालू यादव के बयान का क्या मतलब है? क्या रउ, रळ और डइउ समाज का सारा आरक्षण मुसलमानों को दे देना चाहिए? चारा घोटाले के चार-चार मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव मुस्लिम वोट के लिए गैर संवैधानिक बयान देकर समाज को बांटने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कहते रहे हैं कि यह इंडी गठबंधन ओबीसी आरक्षण को काट कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहता हैं, लेकिन लालू यादव के बयान ने तो और भी गहरी साजिश और खतरनाक इरादे का खुलासा कर दिया है। श्री चौधरी ने कहा कि दरअसल लालू प्रसाद तीसरे चरण की वोटिंग से पहले ही हताश और निराश हो चुके हैं। उनके सारे तिकड़म के बावजूद बिहार में इस बार भी राजद का खाता नहीं खुलने वाला है। उनकी दोनों बेटियां बुरी तरह से चुनाव हारने वाली है। लालू यादव का एम-वाई समीकरण भी दरक चुका है। ऐसे में मुसलमानों के ध्रुवीकरण के लिए लालू यादव अपनी आखरी कोशिश कर रहे हैं। मुस्लिम आरक्षण के मसले पर कांग्रेस के साथ-साथ आरजेडी सुप्रीमो के बयान का सीधा मतलब है कि इंडी गठबंधन के सभी दलों की योजना एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीन कर उसे मुसलमानों को देने की है। वे सभी ओबीसी के कोटे में डाका डालकर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहते हैं। कांग्रेस और राजद के साथ इंडी के अन्य घटक दल भी इस मसले पर समाज को बांटने वाले बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरजेडी नेता के मुस्लिम आरक्षण वाले बयान पर कांग्रेस का चुप रहना इस बात का प्रमाण है कि इन सभी का मकसद एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों को छीनना है।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाब, तीन आतंकी ढेर

**कुलगाम (नव शक्ति संवाददाता)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों के हवाले से बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सोमवार देर रात कुलगाम के रेडवानी इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। हालाँकि, तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया जो मंगलवार तक जारी रहा। आतंकवादियों के शवों की



पहचान और बरामदगी अभी बाकी है। 28 अप्रैल को आतंकवादियों के साथ एक संक्षिप्त मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के मारे जाने के बाद 1 मई को सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवादियों के दो समूहों को ट्रैक करने के लिए कठुआ जिले में खोज अभियान का दायरा बढ़ा दिया था। यह मुठभेड़ चोचरू गाला हाइट्स के सुदूर पनारा गांव में हुई। 29 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू क्षेत्र) आनंद जैन ने कहा कि हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद आतंकवादियों के दो समूह क्षेत्र में मौजूद थे। जनवरी के हमीने में सेना के काफिले पर संदिग्ध आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की थी। सुरक्षा अधिकारियों को भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमले में आतंकियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है।

## सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी सहित 11 नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी गई

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** बिहार विधान परिषद् के द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से नव निर्वाचित 11 सदस्यों को विधान परिषद् के सभागार में सादे समारोह में शपथ दिलाई गई।

इसमें जदयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मो० खालीद अनवर, भाजपा से मंत्री मंगल पांडे, श्रीमती अनामिका सिंह, लाल मोहन गुप्ता, राजद से श्रीमती राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दिकी, डॉ० उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली हम से मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं भारतीय





कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की श्रीमती शशि यादव को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम की शुरूआत में बिहार विधान परिषद् के सचिव अखिलेश कुमार झा द्वारा निर्वाचन अधिसूचना एवं राज्यपाल द्वारा बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को शपथ दिलाने संबंधी गजट अधिसूचना पढ़ी गई।

शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष विधान सभा नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री सुमित सिंह, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, सदस्यगण अवधेश नारायण सिंह, रामवचन राय, विरेन्द्र नारायण यादव, संजीव कुमार सिंह, रविन्द्र प्रसाद सिंह, नवल किशोर यादव, श्रीमती रेखा कुमारी, अनिल कुमार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## राम मन्दिर की जगह बाबरी बनाने जैसे कांग्रेसी दिवास्वप्न साकार नहीं होंने देंगे: डॉ सुरेंद्र जैन

**नई दिल्ली ( नव शक्ति संवाददाता)।** विश्व हिंदू परिषद ने आज कहा है कि राम मन्दिर की जगह बाबरी बनाने जैसे कांग्रेसी दिवास्वप्न साकार नहीं होंगे। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महा सचिव डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा है कि कांग्रेस के एक पुराने वरिष्ठ नेता ने यह खुलासा किया है कि राहुल गांधी सत्ता में आने के बाद राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाएंगे चाहे उसके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को बदलने के लिए शाहबानो की तरह संविधान में संशोधन करना पड़े। उनका यह इरादा काफी चिंताजनक है। इसका अभी तक किसी ने खंडन नहीं किया है। इसका मतलब उन्होंने इस आरोप को स्वीकार कर लिया है।

डॉ जैन ने कहा कि इंडी गठबंधन का यह निर्णय विश्व के करोड़ों राम भक्तों के लिए एक बड़ी चुनौती है। राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने के इरादों का राम भक्त हमेशा की तरह मुंह तोड़ जवाब देंगे। इंडी गठबंधन का सनातन विरोधी व राम विरोधी चरित्र बार-बार सामने आता रहा है। इस अपवित्र गठबंधन के सदस्यों ने ही अयोध्या में कारसेवकों का नरसंहार किया था और गोधरा में



59 कारसेवकों को जिंदा जलाने वालों का साथ दिया था। कांग्रेस ने तो राम मंदिर के निर्णय को लटकाने व भटकाने के लिए वरिष्ठ वकीलों की एक फौज ही खड़ी कर दी थी। तब भी राम भक्तों के संकल्प के सामने इनमें से किसी के राम मंदिर विरोधी षड्यंत्र सफल नहीं हो सके और भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया तो इन्होंने यह नया प्रपंच रचा है।

उन्होंने कहा कि ये सत्ता में आने पर संविधान को बदल देना चाहते हैं और राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनना चाहते हैं। इन्होंने अपने इरादे मुस्लिम समाज को पहले ही बता दिए हैं। इसलिए ऐसे ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता बार-बार बाबरी की बात करके मुस्लिम समाज को भड़काते हैं। इनके भड़काने पर ही कुछ लोग टाइम आने पर बाबरी बनाने की धमकी देते हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी यही जहर भरे हुए नारे लगा रहे हैं। ऐसा लगता है वे भारत को 1946 की स्थिति में लाना चाहते हैं।

विहिप राम भक्तों का आह्वान करती है कि अपने मतदान के द्वारा इन राम विरोधी और राष्ट्र विरोधी षडयंत्रों को असफल करें। वे मतदान अवश्य करें।

## बीजेपी विशुद्ध रूप से आरक्षण विरोधी है : तेजस्वी यादव

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** बीजेपी विशुद्ध रूप से आरक्षण विरोधी है। बिहार में मात्र महीनों में हमारी सरकार ने राजद के सामाजिक न्याय, नीतियों एवं प्रतिबद्धता के चलते देश में प्रथम बार जातिगत गणना करवाने तथा आरक्षण सीमा बढ़ाकर 75% करने का ऐतिहासिक कार्य किया।

हमारी पहल पर ही बिहार कैबिनेट ने राज्य सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों का आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए जाने संबंधी संशोधित प्रावधानों को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार से बारम्बार अनुरोध किया लेकिन आरक्षण विरोधी बीजेपी सरकार ने गलत मंशा के चलते अभी तक इसे 9वीं अनुसूची में नहीं डाला है।

मोदी सरकार ने देशभर में जातिगत जनगणना कराने के हमारे प्रस्ताव को कभी भी स्वीकृति ही नहीं दी बल्कि



जातिगत जनगणना रुकवाने के लिए अर्थात देश के सॉलिसिटर जनरल को भी सुप्रीम कोर्ट में खड़ा किया।

इससे स्पष्ट होता है की बीजेपी और मोदी सरकार एकदम आरक्षण, वंचित वर्गों के उत्थान एवं उत्थान दलित, पिछड़ा, आदिवासी, गरीब और बहुजन विरोधी है।

# सरकारी खजाने को लूटकर अपनी तिजोरी भरना राजद-कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य है: उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना (संवाददाता)।** बिहार जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को नालंदा लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी श्री कौशलेन्द्र कुमार एवं आरा लोकसभा से आरके सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने जनसभाओं को संबोधित कर एनडीए गठबंधन के लिए वोट मांगा। इस मौके पर उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए गठबंधन विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ रही है जबकि इंडी गठबंधन विनाश की मानसिकता से प्रेरित और ग्रसित है। सरकारी खजाने को लूटकर अपनी तिजोरी भरना राजद-कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य है इसलिए ये लोग जनता को भ्रमित कर वोट बिटोरने की कोशिश में लगें हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों के कारनामों को जनता देख चुकी है। देश में 55 सालों तक कांग्रेस की और बिहार में 15 सालों तक राजद की सरकार रही लेकिन इन्होंने आम जनता के हित में कभी नहीं सोचा। राजद और कांग्रेस के दामन पर सिर्फ भ्रष्टाचार के दाग है। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की जनता विकास शब्द से भी अनजान थी लेकिन श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री का पद संभलाते ही विकास को जमीन पर उतारा।




उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समाज के हर वर्ग की चिंता है। हमारे दोनों नेता सभी की तरक्की के लिए दिनरात लगे रहते हैं, जबकि विपक्षी पार्टियां सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता में डूबी रहती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव कभी यह क्यों नहीं बताते कि उनके माता-पिता के कार्यकाल में कितने युवाओं को नौकरी मिला था? वें अपनी उपलब्धि बताने के बजायें दूसरे के कामों का झूठा श्रेय ले रहे है लेकिन बिहार की जनता उनके इस झूठ को पहचान चुकी है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए सरकार जनकल्याण और विकास के प्रति निस्वार्थ भाव से काम कर रही है। यही कारण है कि देश के हर हिस्से से जनता का आपार समर्थन एनडीए को मिल रहा है। तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनती है तो हम अधूरे बचे विकास कामों को पूरा करेंगे और भावी पीढ़ी के लिए नए बिहार-नए भारत का निर्माण करेंगे।

# लालू प्रसाद देश में धार्मिक उन्माद और अराजकता फैलाने में जुटे: विजय कुमार सिन्हा

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव का मुसलमानों को आरक्षण देना यह बताता है कि राजद-कांग्रेस गठबंधन पूरी तरह से मुस्लिम लीग के रास्ते पर चल रहा है । ये लोग संविधान और लोकतंत्र की बात करके उसकी आड़ में देश में धार्मिक उन्माद फैलाकर केवल अपनी राजनीति की रोटी सेंकना चाहते हैं ।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि लालू जी को पता होना चाहिए कि हमारे संविधान में धार्मिक आधार पर किसी को आरक्षण देने की बात नहीं की गई है और न ही हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में धार्मिक विभाजन का कोई प्रावधान है ।



श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी की सरकार अपनी योजनाओं को सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ सभी 140 करोड़ देशवासियों तक पहुंची है । चाहे गरीब कल्याण योजना हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मुद्रा योजना हो, उज्ज्वला योजना हो या फिर आर्थिक रूप से कमजोर तबके को आरक्षण देने की बात हो मोदी सरकार अपने किसी भी काम में धर्म के आधार पर लोगों के बीच कोई विभेद नहीं करती । मोदी जी की सरकार 'सेचुरेशन' के लक्ष्य के साथ समाज के सभी तबके के उत्थान में विश्वास करती है। श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी की लोकप्रियता और ठउ्अ के पक्ष में अपार जनसमर्थन को देखकर विपक्ष के पांव उखड़ने लगे हैं । इसी बौखलाहट में अब श्रीमान लालू प्रसाद जैसे लोग 1990 के दशक का घिसा कैसेट बजाते हुए लोकतंत्र और संविधान की मूल भावनाओं को ताक पर रखकर देश में उन्माद और अराजकता फैलाने में जुट गए हैं ।

# आओ करे मतदान चले हम

**पटना (संवाददाता)।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दर्जनों स्वयंसेवको ने मतदान करने का लिया संकल्प ।फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे ।




अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में अदिति राज,साक्षी सिंह, सोनी पटेल, नेहा कुमारी, इशिका कुमारी,शवया प्रवीण, इंशा उजमा, अनवरा , शिशुपालकुमार , रघुवीर, राजदीप,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

# तेजस्वी के आरक्षण घटाने के बयान से सहमा हुआ है अतिपिछड़ा समाज: राजीव रंजन

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** आज पटना के खेमनीचक इलाके में आयोजित पूजन कार्यक्रम के दौरान अतिपिछड़ा समाज की दर्जनों महिलाओं ने जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अतिपिछड़ा समाज के नेता राजीव रंजन से मुलाकात कर तेजस्वी यादव के बयान पर आक्रोश जताया. डर जताते हुए महिलाओं ने कहा कि यदि तेजस्वी किसी तरह अपने मकसद में कामयाब हो गयें तो अतिपिछड़ा समाज के युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा. इस विषय पर जानकारी देते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी के कपूर्री मॉडल को फिर से लागू करने के बयान से बिहार में हड़कंप मच गया है.

विशेषकर अतिपिछड़ा समाज उनकी इस योजना से सहम सा गया है. उन्हें डर है कि नीतीश सरकार में मिला सशक्तिकरण कहीं फिर से छीन न जाए और दुबारा उन्हें राजद के जंगलराज वाली स्थितियों का सामना करना न पड़ जाए. उन्होंने कहा कि कपूर्री मॉडल दुबारा लागू करने का तेजस्वी का बयान उनके एजेंडे के साथ-साथ उनकी अज्ञानता को भी दशार्ता है. राजद का एजेंडा शुरूआत से ही अतिपिछड़ा समाज को अपना गुलाम बना कर रखने का रहा है. उनके जंगलराज की सबसे अधिक मार अतिपिछड़ा समाज को ही झेलनी पड़ी है. इन्ही के खेतों को उस समय आग के हवाले कर दिया जाता था और उस समय होने वाले नरसंहारों का दंश भी सबसे अधिक इसी समाज ने सहा है. इन्हीं वजहों से सर्वाधिक पलायन भी अतिपिछड़ा समाज में ही हुआ था. उन्होंने कहा कि तेजस्वी को पता रहना चाहिए कि नीतीश राज में आगे बढ़ चुका अतिपिछड़ा समाज दुबारा उस दौर में जाने वाला नहीं है. हमारा समझ आरक्षण पर कोई समझौता करने वाला नहीं है. आरक्षण को समाप्त करने का उनका कोई भी प्रयास जनता सफल नहीं होने देगी.




आईपीएस ऑफिसर आनंद मिश्रा ने बक्सर लोकसभा से किया नामांकन । बक्सर की सीट बीजेपी के हाथ से फिसलती हुई!

## संक्षिप्त खबर

### चिराग पासवान ने खगड़िया के अलौली विधानसभा अंतर्गत शहरबन्नी स्थित मध्य विद्यालय बेलाही के बूथ नंबर 8 पर मतदान किया





**पटना (संवाददाता)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अपने गृह जिला खगड़िया के अलौली विधानसभा अंतर्गत शहरबन्नी स्थित मध्य विद्यालय बेलाही के बूथ नंबर 8 पर मतदान किये। मतदान करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चिराग ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व है और ऐसे में सबकी जिम्मेदारी बनती है कि इस महापर्व पर में अपना योगदान दें। अपने भविष्य के लिए, अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह हर भारतीयों की जिम्मेदारी है, बाहर निकलें । इस बार हमलोग उम्मीद करते हैं कि मत- प्रतिशत भी ज्यादा रहेगा पिछली बार से भी ज्यादा होगा और हर कोई अपना अपना योगदान इस महापर्व में देगा। पत्रकारों द्वारा पूछा गया सवाल आप यहां पर नेता बनकर आए हैं या बेटा बनकर, आपका यहां पर घर है, इसपर चिराग ने कहा कि मैं बेटा बनकर यहां पर आया हूं। हर किसी से यहां पर मेरा परिचय है, हर कोई हमारे रिश्ते में हैं ,तो मैं यहां सिर्फ एक बेटा, भाई, भतीजा बनकर आया हूं। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।


### पत्रकार को मातृशोक,विधान सभा अध्यक्ष ने किया शोक व्यक्त



**पटना सिटी, संवाददाता।** दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार रमाकांत वर्मा की माता शांति देवी का निधन मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में हो गया। वह करीब 82 वर्ष की थी और बीमार चल रही थी। स्वर्गीय शांति देवी अपने पीछे भरपुरा परिवार छोड़ गई हैं। बड़े पुत्र उमाकांत वर्मा भी पत्रकार हैं।एकपुत्र पप्पू वर्मा अखिल भारतीय विद्यार्थी का प्रदेश स्तरीय नेता के साथ सीनेट मेम्बर हैं । शांति देवी की अंत्येष्टि खाजेकला घाट पर संपन्न हुई। मुखाग्नि छोटे पुत्र डॉ निशीकांत वर्मा ने दी। शव यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पत्रकार, अधिवक्ता, समाजसेवी, राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोग समेत अन्य लोग शामिल थे।शांति देवी के निधन समाजसेवी राकेश कपूर, अधिवक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल, पटना सिटी व्यवहार न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिन्हा,संरक्षक नवीन किशोर सिन्हा, पूर्व सैन्य अधिकारी उदय शंकर लाल, डॉ शारदानंद गुप्ता ने शोक व्यक्त किया है।

# सीयूएसबी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रो. कौशल किशोर ने किया शिक्षण-अधिगम में ब्लूम के वर्गीकरण (3H) स्तरों के महत्व को किया परिभाषित

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में संचालित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा यूजीसी एमएमटी-पीपी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की योजना के तहत ‘राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम’ विषय पर आयोजित आठ- दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (संकाय विकास कार्यक्रम) के अंतर्गत सातवें दिन कई पहलुओं पर परिचर्चा हुई। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सातवें दिन, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के प्रोफेसर कौशल किशोर ने परिणाम-आधारित शिक्षा के आलोक में समानता बनाम स्वायत्तता पर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षण-अधिगम में ब्लूम के वर्गीकरण (3ल) स्तरों के महत्व को परिभाषित करके अपना विचार-विमर्श शुरू किया। फिर उन्होंने परिणाम आधारित शिक्षा की पृष्ठभूमि और आज की शिक्षा प्रणाली में इसके महत्व पर चर्चा की।




उन्होंने देश में एकाधिक प्रवेश और निकास को लागू करने के लिए एक सामान्य पाठ्यचर्या संरचना के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सत्र का अंत अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अर्पणा झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सत्र समाप्त हुआ। दूसरा सत्र की शुरूआत प्रो. के. श्रीनिवास, निपा, नै दिल्ली की प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ, जिन्होंने उच्च स्तर पर शिक्षण और अनुसंधान में आईसीटी के उपयोग के लिए व्यावहारिक कौशल पर विस्तृत और व्यापक विचार-विमर्श किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला जो छात्रों के लिए दिलचस्प, लचीला, अनुकूलनीय और व्यक्तिगत सीखने के अनुभव बनाने में मदद कर सकता है। फिर उन्होंने प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके शिक्षण और सीखने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की और विभिन्न अतुल्यकालिक शिक्षण प्लेटफार्मों (मूडल, कैनवास, गूगल कैनवास) के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, उन्होंने कई अन्य एआई और गैर-एआई-संचालित टूल भी साझा किए और प्रतिभागियों को एडपजल, लुमी, अनुवादिनी और भासिनी के उपयोग का अनुभव कराया।

उन्होंने शिक्षकों के लिए शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया में नवीन शिक्षण विधियों को अपनाने के लिए महत्वपूर्ण 3पी (जुनून, धैर्य, दृढ़ता) पर चर्चा करके अपना विचार-विमर्श समाप्त किया। सत्र के अंत में, सभी प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछे और बौद्धिक रूप से आकर्षक सत्रों के लिए प्रतिष्ठित संसाधन व्यक्तियों और आयोजन टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया. सत्र का धन्यवाद ज्ञापन ले डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने किया।

# घोड़े पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे निर्दलीय प्रत्याशी ददन पहलवान



**बक्सर (संवाददाता)।** बक्सर से निर्दलीय प्रत्याशी ददन पहलवान अपने समर्थकों के साथ घोड़े पर सवार होकर कलेक्ट्रेटियट नामांकन दाखिल करने पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से वातालर्लाप करते हुए कहां की हम अच्छे वोट से बक्सर का सांसद बनेंगे। उन्होंने महागठबंधन पर जमकर बरसे।ददन समर्थकों ने कहा कि बक्सर का बेटा को जीतायगें, बाहरी को भगाएंगे।

# जदयू, बसपा और लोक मोर्चा के दर्जनों नेताओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** आज राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय स्थित कपूर्री सभागार में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बबन सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोजपा के पूर्व प्रत्याशी शिवशंकर सिंह कुशवाहा, कैमूर जिला बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शोभनाथ राम, कैमूर जदयू जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जनार्दन निराला अपने सैकड़ों पार्टी कार्यकताओं के साथ राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव जी के नीति सिद्धान्तों में आस्था व्यक्त करते हुए एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के प्रभावशाली व्यक्तित्व व कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर राजद में शामिल हुए।

उक्त अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश मे बदलाव का बयार चल रहा है बिहार हर बदलाव का नेतृत्व किया है चाहे 1977 हो या 1989 हो, इस बार भी बदलाव का नेतृत्व बिहार कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बदलाव की जिस क्रांति की शुरूआत बिहार से की है उसकी गूंज आज पूरे देश मे दिखाई दे रहा है। लोग बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों से त्रस्त है। सरकार के गलत नीतियों के कारण किसान पस्त है। महिलाएं असुरक्षित है। भाजपा-जदयू के नेता इतिहास की बात करते हैं। विगत 10 वर्षों की सरकार के पास कहने के लिए कुछ नही है। वो आज के स्थिति पर चर्चा करने से भागते हैं। 17 महीने की अल्पावधि में ही तेजस्वी यादव ने जो काम करते दिखा दिया है उसके सामने उनके 17 वर्ष के कार्यकाल में कहने के




लिए कुछ भी नही है। आज बिहार की नही बल्कि देश के नौजवानों की उम्मीद बन चुके हैं तेजस्वी यादव। आज समाज के हर वर्गों का साथ और समर्थन तेजस्वी यादव के साथ है। लोग भाजपा से मुक्ति चाहते हैं। इसीलिए अभी तक जिन क्षेत्रों में चुनाव हुए इंडिया गठबंधन को भारी समर्थन मिला है। आगे होने वाले चुनावों में भी यही स्थिति है।बिहार में एनडीए को इक्का दुक्का सीट भले मिल जाए बल्कि अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को मतदाताओं का ब्यापक समर्थन मिल रहा है। भाजपा-जदयू के लोग आरक्षण के नाम पर भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि सच्चाई है डॉ0 बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में उल्लेखित आरक्षण के प्रावधानों के अनुसार ही द्वश में आरक्षण की व्यवस्था लागू है उससे इतर जाने की कोई सवाल पैदा नहीं होता है।यह चुनाव जनता बनाम केंद्र सरकार है। उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के हाथों सभी ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में शिवशंकर सिंह कुशवाहा,शोभनाथ राम, जनार्दन निराला,रामाधार राम, रामनारायण राम,संजय कुमार, राजीव रंजन, ब्रजेश पांडे,आशीष कुमार, गुप्तेश्वर सिंह,जितेंद्र कैमुरी, राजाराम जी, रामबालक राम,राधेश्याम राम,राजेश राम,अविशेरव कुमार कुशवाहा, सुरेश पासवान, शशि बिंद, अशोक सिंह, राजा चंद्रवंशी, अजित चौहान, सैयद अली अंसारी,मदन पासवान, सचिता शर्मा, प्रमोद यादव, शंकर दयाल सिंह, आंनद कुशवाहा, रूपेश कुशवाहा, डब्लू कुशवाहा, दीपक यादव के नाम प्रमुख हैं। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं गया लोकसभा क्षेत्र के राजद उम्मीदवार कुमार सर्वजीत, राजद के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधान परिषद सदस्य डॉ उर्मिला ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव, हाल ही में राजद में शामिल हुए बबन सिंह कुशवाहा,कार्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव प्रमोद राम, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, मदन शर्मा, बबन कुशवाहा, कैमूर जिला राजद के जिलाध्यक्ष अकलू राम सहित पार्टी के नेतागण उपस्थित थे।

# चुनाव के दौरान लालू प्रसाद को आरक्षण याद आता है : सम्राट चौधरी

**नालंदा, (नव शक्ति संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कहा कि जब-जब चुनाव आते हैं, तब लालू प्रसाद को आरक्षण याद आता है। ऐसे उनका आरक्षण मॉडल अपने परिवार तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है।

श्री चौधरी आज नालंदा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार जी के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में शामिल होने नालंदा पहुंचे। यहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से 'फिर एक बार मोदी सरकार' के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने लोगों से मोदी जी और नीतीश जी की जोड़ी को मजबूत करने के लिए कौशलेंद्र



कुमार जी को प्रचंड विजय दिलाने की अपील की। उन्होंने लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि 1990 से 2005 तक लालू प्रसाद बिहार की सत्ता में थे तब उन्होंने अपने परिवार को छोड़कर किसी एक व्यक्ति को भी आरक्षण देने का काम नहीं किया।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी नालंदा के श्रम कल्याण केंद्र के प्रांगण में जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा एवं जदयू की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री ने बिहार में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए कोई भी समझौता करने का काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देश में एनडीए की सरकार में सोलर युक्त बिजली लोगों को मिलने लगेगी जिसका बिजली बिल भी लोगों को नहीं देना पड़ेगा।

## 16 वां राष्ट्रीय मगही सम्मेलन का आयोजन कोलकाता में




**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** मगही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय कमिटी की बैठक आर्यन गेस्ट हाउस , हावड़ा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने की ।

उन्होंने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा विगत कई वर्षों से हमलोग अपनी मातृभूमि और मातृभाषा को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कोलकाता के क्रांतिकारी धरती से मगही भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए आन्दोलन की शुरूआत हमलोगो ने की थी ,जो आज हम सब के अथक परिश्रम से राजनीति संरक्षण मिला ।जिससे

संसद और विधान सभा में इसकी गूंज सुनाई देने लगी है ।इतना ही नहीं संघ के गतिविधियों से प्रभावित होकर देश के अलावा विदेश से भी लोग इससे जुड़ रहे हैं। हाल ही मे दुबई में भी संघ की ईकाई का गठन किया गया है, जो हम सब के लिये खुशी की बात है।

महासचिव उदय शर्मा ने कहा संघ एक मात्र ऐसा संगठन है जो जमीनी स्तर पर सभी मगही भाषियों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है, ऐसे में हम सब को संघ को और मजबूत करने की जिम्मेदारी लेनी होगी । उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा नये सदस्यों को जोड़ना होगा और समाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम करने होगे ।संघ का सोलहवीं राष्ट्रीय मगही सम्मेलन 22 सितम्बर 2024 को करने का प्रस्ताव करता हूं। जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया ।

प्रसादी राम, अर्जुन वर्मा, रामोतार राम, सत्यनारायण शर्मा, विजय सिंह, संकेत शर्मा, संजीत शर्मा,विरेन्द्र शर्मा, पिन्टु सिंह आदि सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## चौतरफा हार के बनते माहौल से नालंदा सांसद कौशलेंद्र का मानसिक संतुलन बिगड़ा : सुरेंद्र राम

### दोनों मृतकों को दस दस लाख मुआवजा दे बिहार सरकार

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** आज मंगलवार को भाकपा माले के जिला सचिव सुरेंद्र राम ने जेडीयू के निर्वतमान सांसद कौशलेंद्र कुमार के गैर जिम्मेदाराना बयानों की तीखी भर्त्सना करते हुए कहा है कि चौतरफा हार के बनते माहौल से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। माले नेता ने कहा है कि भाजपा-जेडीयू के उकसावे की राजनीति के चलते इस्लामपुर के सुढी गांव में दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना घटी है। एक ही समुदाय के बीच जमीन को लेकर जारी विवाद को समाज के स्तर पर हल करने की प्रक्रिया चल रही थी। लेकिन जेडीयू के लोगों ने उकसाने का काम किया है। हमारी पार्टी हत्या को कड़े शब्दों में निंदा करती है और दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील करती है ।कानून अपना काम करेगा। किसी पक्ष को रोटी सेंकने का काम नहीं करना चाहिए। सरकार दोनों मृतकों को दस दस लाख मुआवजा की गारंटी करे।

आगे उन्होंने कहा कि हिलसा थाना में हाजत में हुई हत्या निंदनीय है ।इसकी संपूर्णता में जांच होनी चाहिए। वहीं,भाकपा माले के प्रखंड सचिव का० अरूण यादव, जिला कमिटी सदस्य दिनेश कुमार यादव, प्रखंड कमिटी सदस्य चुन्नू चन्द्रवंशी ने संयुक्त ब्यान जारी कर कहा कि हिलसा थाना के हाजत में बढ़नपुरा निवासी नीरज कुमार की मृत्यु हिलसा पुलिस की घोर लापरवाही है ।एक तरफ नितीश कुमार सुशासन और न्याय की सरकार चलाने की बात कहते थकते नहीं है, अपने आपको अतिपिछड़ा की सबसे बड़ी हितैषी कहते हैं, और उन्हीं के पुलिस अभिरक्षा में अत्यंत पिछडा वर्ग से आने वाले नीरज कुमार नामक 32 वर्षीय लड़के की मौत हो जाती है और ठीक एक सप्ताह पहले कतरीसराय में शराब माफिया जो मछली पालन के नाम पर तालाब में शराब रखता था शराब कोई ले न ले उसी के लिए तालाब में बिजली प्रवाहित कर रखा था, उसमें भी अत्यंत पिछडा वर्ग के तीन मासुमो की जान चली गई। एक तरफ से देखा जाए तो पुरे प्रशासनिक लापरवाही से बिहार में जंगल राज नहीं ,बल्कि जल्लाद राज्य चल रही हैं। श्री यादव ने दोनों घटनाओं पर कड़ी निंदा व्यक्त करते हुए सरकार से मांग करती हैं की दोषी पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मृतक के एक आश्रितों को सरकारी नौकरी और दस लाख रुपए तत्काल मुहैया कराए। भाकपा माले दुःख की इस घड़ी में मृतक परिवार के साथ खड़ी है। मृतक परिवार को जहां भी जरूरत पड़ेगी, माले के लोग उनके साथ है। सरकार से यदि राहत नहीं मिली तो भाकपा माले आंदोलन का रुख अख्तियार करेगी।

# भाजपा ने आरा में मतदाताओं से की अपील, आपका एक-एक वोट भारत को विश्व महाशक्ति बनाएगा

**आरा (नव शक्ति संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज आरण्य माता और बाबू वीर कुँवर सिंह जी की ऐतिहासिक धरती आरा पहुंचे। यहां उन्होंने आरा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार श्री आर के सिंह जी के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में शामिल हुए।

आशीर्वाद सभा में आए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपका एक-एक वोट भारत को विश्व महाशक्ति बनाएगा। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि जब देश का नेतृत्व मजबूत कंधे पर होगा तो देश भी मजबूत रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज भारत का डंका दुनिया में बज रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले भारत की बात कोई देश सुनता नहीं था,



लेकिन आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया न केवल कान खोलकर सुनती है बल्कि अमल करती है। उन्होंने कहा कि यह तब संभव हो सका जब आपने 2019 को नरेंद्र मोदी जी को दूसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाया।

भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी ने लोगों से देश को विकसित और भारत को महाशक्ति बनाने के लिए एक बार फिर नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अब देश की जनता का भ्रष्टाचार में डूबी पार्टियों से मोहभंग हो चुका है।

बिहार में एक पार्टी के अध्यक्ष पशु का चारा खा गए , उसकी सजा काट रहे हैं। वहीं पड़ोसी राज्य में उनके साथी मंत्री के पीए के घर से करोड़ों रुपए बरामद हुए है और अभी बरामद भी हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं तो प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने की गारंटी दे रहे। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की।

## संक्षिप्त खबर

### जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से 10 मई को नामांकन करेंगे अरुण कुमार

**जहानाबाद (नव शक्ति संवाददाता)।** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अरुण कुमार 10 मई को जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे. नामांकन के उपरांत गांधी मैदान जहानाबाद में जन सभा का आयोजन किया जाएगा. डॉ. अरुण ने बताया कि 10 मई को प्रातः पटना आवास से नामांकन के लिये जहानाबाद प्रस्थान करेंगे. जहानाबाद समाहरणालय में नामांकन के बाद दोपहर 2 बजे से गांधी मैदान में जनसभा आयोजित की जाएगी. बताया गया कि जनसभा में बसपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ ही प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे. डॉ. अरुण ने कहा कि जहानाबाद की जनता ने बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के रूप में उनके समर्थन का पूरा मन बना लिया है. जन संपर्क के दौरान हर वर्ग, हर धर्म और हर जाति का व्यापक समर्थन मिल रहा है. दूसरे दलों के कार्यकर्ता भी दलीय सीमा से हटकर समर्थन कर रहे हैं. डॉ. अरुण ने कहा कि जहानाबाद की जनता स्वयं ही पहले के उनके कार्यकाल के कार्यों का आकलन कर रही है. वर्तमान सांसद से निराश हो चुकी जनता एक मात्र विकल्प के रूप में मेरे पूर्व के कार्यों को याद कर समर्थन का भरोसा दे रही है. डॉ. अरुण ने दावा किया कि जहानाबाद से बसपा की जीत तय है.

### एनडीए के खिलाफ भारी मतदान: राजेश राठौड़

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** बिहार में गिरे मतदान प्रतिशत पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि एनडीए के शासन से त्रस्त होकर लोगों ने मतदान के प्रति उदासीनता दिखाई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा जबरन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बोगस वोटिंग के बावजूद भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ सका। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि देश में एनडीए के खिलाफ बही बयार में बिहार के मतदान प्रतिशत ने मुहर लगा दी है और यह बताने को काफी है कि बिहार में एनडीए के प्रति उसी के वोटर उदासीन हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के कैंपेन ने सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट कराया है। जनता के वोट की ताकत को उसने पहले ही गुमराह करने की कोशिश की है। बिहार के मतदान प्रतिशत ने केंद्र की निरंकुश सरकार के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशभर में रैली करने और बार बार गुहार लगाने के बाद भी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य के सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देने के बाद भी मतदान प्रतिशत का गिरना यह बताने को काफी है कि इस सरकार से अब उसी के मतदाता मुंह मोड़ रहे हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि व्यापक मतदाता जागरूकता के नाम पर जितना खर्च किया जा रहा है उसकी भी जांच होनी चाहिए कि आखिर मतदाता पहले से भी कम क्यों आ रहे हैं?

### पंद्रह वर्षो के खौफनाक मंजर को भूली नही है बिहार की जनता: रामपुकार



**पटना (संवाददाता)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने महागठबंधन के कांग्रेस और राजद पर जमकर हमला बोला है । उन्होंने कहा की आज बिहार की जनता तेजस्वी यादव जी के माता पिता जी के पंद्रह वर्षो वाली उस खौफनाक मंजर वाली सरकार को नही भूला है,जिस समय तेजस्वी जी बच्चे थे। श्री सिन्हा ने बताया की आज संपन्न हुई तीन चरणों की लोकसभा चुनाव में बिहार से महागठबंधन धराशायी होता नजर आ रहा है ।बिहार की सभी चालीस सीटों पर एन डी ए के प्रति जनता का उत्साह चरम पर है ।श्री सिन्हा ने बताया की बिहार समेत पूरे भारत से बिपक्ष की करारी हार के डर से कांग्रेस के नेतागण बौखला गये है ।ये लोग जिस तरह से हेमंत करकरे की शहादत के मामले में देश विरोधी बयान देना,पूंछ के आतंकी हमले को लेकर सवाल उठाना कांग्रेस और बिपक्ष की बौखलाहट को उजागर करता है।

# जितेंद्र प्रसाद सिंह कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाए गए, कार्यकताओं में हर्ष

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी जिला कार्यकारी अध्यक्षों की सूची में नालंदा जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नालन्दा ज़िला कांग्रेस के उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सिंह का मनोनयन होने पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य दिलीप कुमार एवं राजगीर के पूर्व विधायक सह जिलाध्यक्ष रवि ज्योति कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जितेंद्र जी को पूर्व से ही संगठन का अच्छा अनुभव रहा है ।

उन्होंने बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी को भी इस मनोनयन के लिए बधाई दिया। पूर्व में भी जब पार्टी के जिला चुनाव प्रभारी पुनीत दिक्षित आए थे ,उस समय भी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में जितेंद्र प्रसाद सिंह जी का नाम जिला अध्यक्ष की सूची के लिए कार्यकताओं द्वारा लिया गया था एवं उस समय भी इनके नाम का अनुमोदन उस समय के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार, पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष गणों ने जितेंद्र प्रसाद सिंह जी के नाम पर मुहर लगा दी थी ।

निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की जितेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ जितु जी को जिलाध्यक्ष बनने से पुरे जिले में हर्ष का माहौल व्याप्त है, खासकर जिले के नौजवान कांग्रेसियों एवं कार्यकताओं में कांग्रेस के प्रति एक उम्मीद जगी है कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकताओं को मान सम्मान देती है ।उन्होंने कहा कि जब से जितेंद्र जी ने कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष का पद ग्रहण किया था ,तब से आज तक पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अपनी बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाते रहे हैं ।जिले के कांग्रेसियों की भी



लगातार प्रदेश से माँग की जाती रही थी की जितेंद्र प्रसाद सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया जाये। आज काफी दिनों के बाद उनके मनोनयन से सभी कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं । राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के द्वारा इस चुनावी समर में इनके नाम का घोषणा करना बहुत ही सही कदम है। नालंदा के इंडिया गठबंधन से लोकसभा के प्रत्याशी को अब इनसे मदद लेकर आगे की रणनीति बनानी चाहिए क्योंकि जितेंद्र प्रसाद सिंह जी का अपना अपने समाज पर अच्छा प्रभाव है अपने समाज के सभी वर्गों में इनकी अच्छी पकड़ है ।

आज उनके मनोनयन से जिले के कांग्रेसियों में खुशी का माहौल है कांग्रेस पार्टी के लोग एवं अन्य दलों के लोग भी उनके आवास पर जाकर उन्हें बधाई देने में लगे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मो जेड इस्लाम मीर अरशद , उदय कुशवाहा, नवप्रभात, प्रशांत ,अजीत कुमार ,अमोद कुमार पाठक ,जमील अशरफ जमाली, मो उष्मान गनी, मुन्ना पांडे ,सर्वेंद्र कुमार ,राजीव रंजन कुमार ,महताब आलम गुड्डू ,राजीव कुमार ,संजू पांडे, बबलू सिंह के अलावे सभी प्रखंड अध्यक्षों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जितेंद्र जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी इस जिले में काफी सशक्त एवं मजबूत होगी एवं अपनी पुरानी खोई हुई प्रतिष्ठा पुनःप्राप्त करेगी ।

## मशहूर खाजा नगरी सिलाव में डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** देश-दुनिया में खाजा मिठाई के लिए मशहूर खाजा नगरी सिलाव में अमन डांस स्टूडियो के द्वारा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस डांस प्रतियोगिता में सिलाव शहर व आसपास के क्षेत्रों के कई बच्चियों ने भाग लिया ।

अमन डांस प्रतियोगिता में शहर के कई बुद्धिजीवी महिला ,पुरुष उपस्थित थें ।बेहतर डांस प्रदर्शन के लिए अमन डांस स्टूडियो द्वारा श्रेया कुमारी को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया ।


श्रेया कुमारी ने बताया कि मुझे बालपन से ही नृत्य डांस में रूची रही है ।डांस करने से मुझे बेहद खुशी व आराम महसूस करती हु ।इसलिए मुझे डांस कला बखुबी पसंद है ।मैं हमेशा अपने स्कूल व अन्य डांस कार्यक्रमों में भाग लेती हु ।मैं डांस प्रतियोगिता कई शिल्ड प्राप्त कर चुकी हु ।छोटी उम्र से ही डांस मेरा जुनून बन गई ।मेरे माता ,मीरा गुप्ता, पिता रतन लाल साह ने डांस के प्रति मेरी प्रतिभा को पहचान लिया और मुझे डांस के प्रति प्रोत्साहित किया ।

# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

**आर.के. सिन्हा**

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है , इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के



कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बरा-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, ह्लजाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओथोडीक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए।

भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# राहुल गांधी बताएं और कितने कांग्रेस नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं : अमर कुमार बाउरी

**रांची (नव शक्ति संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विधायक दल के नेता होने के नाते मैं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे? वे कहां छुपे हुए है? झारखंड और झारखंडियों के लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महा गठबंधन की सरकार में किया जा रहा है उससे पूरे झारखंड शर्मसार हो रहा है। पैसों की गड्डी का पहाड़ जिस तरह से झारखंड में मिल रहा है उससे कहा जा सकता है कि इसकी नींव कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही रख दी थी। भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की जननी यह कांग्रेस पार्टी ही है, जो लगातार देश के संसाधनों को दीमक की तरह खा कर खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री, जो इन सभी के सरगना है, उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने के लिए न सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग और टेंडर मैनेज के नाम पर पैसों की उगाही की बल्कि अपने पसंद के अधिकारियों को भी चुनाव प्रभावित करने के लिए काम में लगा दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा और रांची में आयोजित रोड शो में जिस तरह से जिला प्रशासन आमजन को सभा में सम्मिलित होने से रोका है और मीडिया वालों के हाथों से माइक छीन ली है इससे साफ लगता है कि महागठबंधन की सरकार हर कीमत पर इस चुनाव को प्रभावित करने का मन बना चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जेल के अंदर से ही हेमंत सोरेन अपने कार्यकताओं और अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं। इन सब पर अंकुश लगाना जरूरी है।

नेता प्रतिपक्ष ने झारखंड में मिले पैसे के विषय में कहा कि राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि पैसे किसके हैं और जहांगीर आलम का आलमगीर आलम जी के साथ क्या संबंध है। वह यह भी बताएं कि और कितने कांग्रेस नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं। क्या यह सारे पैसे चुनाव में दुरुपयोग के काम में आने वाले थे। क्या कारण है कि खेल गांव में एक हेलीकॉप्टर रखा हुआ है। क्या हेमंत सोरेन एक महारानी को गांडेय उपचुनाव में जीत हासिल करवाने के लिए हवाई मार्ग से पैसे भेज रहे हैं। हेमंत सोरेन विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी उनके याचिका को खारिज कर दिया गया है। जो बतलाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे इस मामले में जांच सही दिशा में चल रही है।


राजद के सुप्रीमो लालू यादव के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस का घोषणा पत्र मुस्लिम ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। जिसे देश की जनता कभी भी पूरी नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि किस तरह से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से दलित और आदिवासियों का आरक्षण खत्म कर दिया गया। किस तरह से इंदिरा गांधी ने एक निर्णय को बदलने के लिए पूरे देश में इमरजेंसी लगया दिया।किस तरह से राजीव गांधी ने कानून में फिर बदल कर अपने पक्ष में करने की कोशिश की।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि कांग्रेस ने 130 से ज्यादा बार देश में राष्ट्रपति शासन लागू किया है। जब इनके नेताओं के घर के पैसे बरामद किए जाते हैं तो संविधान खतरे में आ जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि संविधान पहले से ज्यादा सुरक्षित है और संविधान प्रदत्त हर व्यक्ति को उनका हक अधिकार दिया जा रहा है। देश की जनता 4 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बने के लिए इस बार अपना एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालेगी।

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता अनिमेष कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 15 मई तक बढ़ाई हिरासत

**नई दिल्ली (नव शक्ति संवाददाता)।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर मामले में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी। दिल्ली हाई कोर्ट के निदेशार्नुसार सीबीआई मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई 15 मई तक के लिए टाल दी गई है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पूर्व डिप्टी सीएम की गिरफ्तारी से पहले और बाद में दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले पर केस फाइलें पेश करने को कहा।



दिल्ली सरकार में उत्पाद शुल्क मंत्री रह चुके सिसोदिया को मामले के सिलसिले में पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। बाद में उन्हें मार्च 2023 में अब समाप्त हो चुकी नीति से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले तीन मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा था। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया था। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सिसोदिया ने एक अंतरिम आवेदन में अदालत से अनुरोध किया था कि वह निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखे, जिसमें उन्हें अपनी याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान हिरासत में रहते हुए बीमार पत्नी से सप्ताह में एक बार मिलने की अनुमति दी गई थी। ईडी के वकील ने कहा कि अगर निचली अदालत का आदेश बरकरार रखा जाता है तो जांच एजेंसी को कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद न्यायमूर्ति शर्मा ने अनुरोध स्वीकार कर लिया।

## राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं: अर्जुन मुंडा

**खूंटी लोक सभा (नव शक्ति संवाददाता)।** आज तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने एनडीए के घटक दल आजसू के द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी से विकसित भारत, विकसित खूंटी बनाने के लिए 13 मई को मतदान करने की अपील की।



अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी राष्ट्र निर्माण में लगे हैं और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके पास न कोई मिशन है न कोई विजन। आज राज्य में खनन माफिया राज्य के बालू को बाहर भेज दे रहे हैं लेकिन अगर कोई गरीब अपना घर बनाना चाह रहा है तो उसे बालू नसीब नहीं हो रहा है।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य है । झारखंड राज्य को बनाने के लिए कई लोगों ने आहुति दी है, कई गोलीकांड हुए हैं, जिसकी जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है । इसी कांग्रेस के साथ मिलकर राज्य की सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रही है, जहां मंत्री के पी.ए. के नौकर के घर करोड़ों रुपए मिल रहे हैं। कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन में थी लेकिन उसने अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया ।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है । रांची से टाटा तक रेलवे लाइन बने यह हमारा संकल्प है।शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़े ये हमारा संकल्प है । कृषि क्षेत्र में हम बेहतर करें ये हमारा संकल्प है। श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में पास कराकर हमारी सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है । 2029 में जब चुनाव होगा, संसद में 33 प्रतिशत महिलाएं चुनकर संसद में जाएंगी । इस ऐतिहासिक बिल को भी कांग्रेस ने वर्षों से लटकाकर रखा था । विभिन्न गांवों का भी किया दौरा श्री मुंडा ने आज तमाड़ विधानसभा के विभिन्न गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और सभी से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की । उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है ।

## चिराग पासवान हाजीपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नयी पहचान देगें: डॉ. सत्यानंद शर्मा

**हाजीपुर(नव शक्ति संवाददाता)।** चिराग पासवान हाजीपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नयी पहचान देगें।अपने पिता रामविलास पासवान के सपनों का हाजीपुर बनायेंगे। पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे।

यह बात आज हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के लालगंज, भगवानपुर और हाजीपुर के दौलतपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते हुए, लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा,युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शंकर शर्मा ने कहा कि हाजीपुर संसदीय क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय क्षितिज पर चमकाने का काम करेंगे चिराग पासवान। अपने पिता रामविलास पासवान द्वारा रेलवे का जोनल ऑफिस, नाईपर, सीपेड और उधोगिक क्षेत्र में नये उधोग लगाने के टेलिफोन का केन्द्र बनाने के काम को नये सिरे से विकसित करेंगे चिराग पासवान। चुनाव कार्य सभी जाति और धर्म के लोग पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ लगे है। यह अच्छा संकेत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता निशांत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सुदीप्त कुमार,सुरेश पासवान,डॉ. सुनील शर्मा,मनोज कुमार शर्मा,अशोक शर्मा, रंजित कुमार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किया।

## सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने के मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को कथित रूप से वित्तीय मदद देने के मामले में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है। मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के आवास के बाहर गोली चलाई थी और फरार हो गए थे।

अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। उन्होंने बताया कि चौधरी, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य है और कथित शूटर-सागर पाल तथा विक्की गुप्ता के साथ सीधे संपर्क में था। अधिकारी के अनुसार, चौधरी ने कथित तौर पर पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने सलमान के घर के बाहर पांच बार से ज्यादा ह्यरेकीह्व भी की थी। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी की घटना से पहले चौधरी नवी मुंबई के पनवेल गया था और पाल व गुप्ता के साथ रहा था। उन्होंने कहा कि चौधरी ने गोलीबारी की साजिश रचे जाने के बाद से आरोपियों को साजो-सामान संबंधी पूरी मदद की थी। अधिकारी ने कहा कि चौधरी के ठिकाने के बारे में सूचना मिलने पर अपराध शाखा के दल को राजस्थान भेजा गया और उसे नागौर जिले से गिरफ्तार कर लिया गया।

## मोदी ने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया, हम करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगे: राहुल गांधी

**चाईबासा (झारखंड), (नव शक्ति संवाददाता)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस समय झारखंड में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अपनी चुनावी रैली के दौरान मोदी सरकार पर गंभीर रुप से हमला बोला है। उन्होंने पीएम मोदी पर उद्योगपतियों को और अमीर और गरीबों को और गरीब करने का आरोप लगाया है। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा इंडिया गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को 14-15 उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं...उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देंगे। उन्होंने कहा, भाजपा आदिवासियों की भूमिका घरेलू सहायकों जैसी कर देना



चाहती है। वे कभी नहीं चाहते कि आप डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनें। वे जंगलों को उद्योगपतियों को सौंपना चाहते हैं... देश को 90 आईएएस अधिकारी चला रहे हैं ।

और उनमें से केवल एक आदिवासी है जिसे दिल्ली में किनारे कर दिया गया है। देश में आदिवासियों की आबादी करीब आठ फीसदी है।ह्व उन्होंने कथित पक्षपातपूर्ण भूमिका के लिए प्रेस पर भी निशाना साधा और दावा किया कि अधिकांश मीडिया घरानों को उद्योगपति चला रहे हैं। गांधी ने बेरोजगार डिप्लोमा धारकों, स्नातकों को एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान करने का वादा भी किया। उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आए तो बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को प्रशिक्षुता के अवसर देंगे और 8,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करेंगे।

उन्होंने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की पहचान करने के लिए आदिवासी, दलित और ओबीसी समुदायों सहित गरीब लोगों की एक सूची तैयार करेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं को प्रति माह 8,500 रुपये यानी सालाना एक लाख रुपये प्रदान करने का वादा किया। गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार किसानों के सभी उत्पादों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करेगी; मनरेगा दैनिक भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये किया जाएगा और आशा व आंगनवाड़ी कर्मियों का पारिश्रमिक दोगुना किया जाएगा। जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में गांधी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है, लेकिन हेमंत सोरेन छूटेगा। इसके जवाब में भीड़ ने नारा लगाया जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा।रैली को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने उपस्थित लोगों से सवाल किया कि क्या चुनाव से पहले उनके पति को जेल में डालना सही है? उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन 13 मई को सिंहभूम लोकसभा सीट पर मतदान के दिन वोट की चोट से इसका करारा जवाब देगा। गांधी समेत विभिन्न नेताओं ने लोगों से इंडिया गठबंधन की तरफ से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) उम्मीदवार जोबा मांझी को वोट देने की अपील की जो भाजपा की गीता कोरा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सीएम जगन ने शुरु की नई योजना, महिलाओं को मिलेगा लाभ

**आंध्र प्रदेश (नव शक्ति संवाददाता)।** कोरोना संकट काल में काम को लगातार आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इसी पहल के चलते सीएम जगन मोहन रेड्डी ने महिलाओं को रोजगार के क्षेत्र में आगे लाने के लिए एक नई स्कीम की शुरूआत की। बता दें कि इस स्कीम का नाम 'वाईएसआर चेयुत्था' है। इस योजना के जरिए समाज के समाज के अलग-अलग तबके की महिलाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रउ-रळ-इउ और अल्पसंख्यक समुदाय की करीब 23 लाख महिलाओं को इस योजना के जरिए लाभ मिलेगा। इसके अलावा 45-60 साल की उम्र की महिलाओं को 18,750



रुपये का सालाना इंसेटिव दिया जाएगा। वहीं चार साल में यह रकम बढ़कर 75,000 हजार रुपए सालाना तक हो जाएगी। हालांकि इस योजना के कारण राज्य सरकार के बजट पर 17 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। सीएम जगन मोहन रेड्डी ने बताया कि इस योजना के तहत 45 से 60 साल तक की उम्र वाली करीब 8 लाख विधवा महिलाओं को लाभ मिलेगा। वहीं अब नई स्कीम के तहत 18 हजार रुपए सालाना और मिलेंगे। अब इन महिलाओं को सरकार की ओर से हर साल करीब 45 हजार रुपये की मदद दी जा रही है। इसके अलावा इन महिलाओं को कामकाज की भी ट्रेनिंग दी जा रही है।आपको बता दें कि इससे पहले भी आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से कई ऐसी कंपनियों को इन क्षेत्रों में बुलाया गया है, जहां पर महिलाओं को काम मिल सके।

## बीजेपी के शासन में आदर्श आचार संहिता, मोदी आचार संहिता में तब्दील हो गई है : ममता बनर्जी

**पुरुलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने भाजपा नेताओं द्वारा प्रचार के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषण देने के संबंध में आंखें मूंद ली हैं, जिससे आदर्श आचार संहिता, मोदी आचार संहिता में तब्दील हो गई है। पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य शीर्ष नेता केवल खुद को ही हिंदू मानते हैं और वे अन्य समुदायों के बारे में नहीं सोचते हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और अन्य भाजपा नेता अपने नफरत भरे भाषणों से निचली जाति के हिंदुओं, अल्पसंख्यकों और अन्य वंचित वर्गों को डरा रहे हैं लेकिन निर्वाचन आयोग चुप है। बनर्जी ने कहा, निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता एक मजाक बन गई है और इसे मोदी आचार संहिता का नाम दिया जाना चाहिए। लेकिन, हम इस देश के नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की हर घटना को उजागर करना जारी रखेंगे।